# वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद
# में हिन्दी सप्ताह का आयोजन- 14-20 सितम्बर 2018

राजभाषा हिन्दी के समग्र प्रचार - प्रसार हेतु संस्थान में दिनांक 14 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2018 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस क्रम में श्री पंकज सिंह, वैज्ञानिक- बी एवं हिन्दी अधिकारी (प्रभार), वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद ने हिन्दी दिवस 14 सितम्बर 2018 पर प्रतियोगिताओं जैसे टिप्पणी लेखन, स्लोगन एवं वैज्ञानिक रिक्त स्थानो को पूर्ण, की शुरुआत की। इस मौके पर माननीय गृहमंत्री जी के संदेश को सभा में पढ़ा गया साथ ही साथ सभा में मौजूद कर्मचारीगण एवं शोधछात्रों को राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन से संबन्धित अधिनियम 1963 और राजभाषा नियम 1976 के बारें में जानकारी दी। प्रतियोगिता में कर्मचारीगण एवं शोधछात्रों नें भाग लिया।

**चित्र-1 प्रतियोगिता में भाग लेते कर्मचारी एवं शोधछात्र**

हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों के साथ संस्थान के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की एक औपचारिक बैठक भी दिनांक 20 सितम्बर, 2018 को हुई। बैठक की अध्यक्षता श्रीमान डी. जयप्रसाद, भा.व.से., निदेशक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद द्वारा की गई। निदेशक महोदय द्वारा हिन्दी में आदेश पत्र, ज्ञापन, टिप्पणियों की संख्या को बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया तथा पिछले कुछ समय से हो रहे हिन्दी में कार्यो की प्रशंसा भी की। श्री प्रवीण एच. चव्हाण, वैज्ञानिक-जी ने सभी कर्मचारियों से कहा कि वे हिन्दी में काम करने का अधिक प्रयास करें ताकि हिन्दी में दिये गए लक्ष्यों को संस्थान द्वारा प्राप्त किया जा सके। डॉ. रत्नाकर जौहरी, भा.व.से एवं वन संरक्षक ने कहा की हिन्दी हमारे विविधता भरें देश को एकजुट करने का

काम करती है और हमें इस और ध्यान देने की जरूरत है। पंकज सिंह, वैज्ञानिक- बी एवं हिन्दी अधिकारी (प्रभार), ने सभा को प्रतियोगिताओं और उनके विजेता के बारे में बताया। निदेशक महोदय के हाथों से इनाम प्रतियोगियों को वितरित किया गया। डॉ. एस. पटनाइक, वैज्ञानिक- एफ ने हिन्दी अधिकारी, प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल एवं सभा में उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर डॉ. आभा रानी, वैज्ञानिक- ई, श्री अरुलराजन, उप-वन संरक्षक, श्री एम बी होनुरी, वैज्ञानिक- सी, श्रीमति आशा कुमारी, ए.सी.टी.ओ भी उपस्थित रहे।

**चित्र-2 कार्यकर्म की शुरुआत करते हिन्दी अधिकारी (प्रभार)**

**चित्र-3 सभा को संबोधित करते माननीय निदेशक महोदय**

**चित्र-4 इनाम लेते शोधछात्र**

**चित्र-5 इनाम लेते कर्मचारीगण**